हिन्दुस्तान
भरोसा नए हिन्दुस्तान का
बुधवार
8 अप्रैल 2026, वैशाख कृष्ण पक्ष, अष्टमी, विक्रम संवत् 2083, बरेली

PAGE NO, 04, MIDDLE

एसआरएमएस में टीकाकरण क्लीनिक एचपीवी अभियान चलाया गया।

बरेली, संवाददाता। विश्व स्वास्थ्य दिवस पर भोजपुरा स्थित एसआरएमएस आईएमएस के टीकाकरण क्लीनिक में एचपीवी टीकाकरण अभियान का आयोजन हुआ। इस दौरान पांच किशोरियों का टीकाकरण हुआ।

इस दौरान सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह ने बताया कि नेशनल कैंसर रजिस्ट्री प्रोग्राम 2024 के डेटा के अनुसार, देश में साल भर में कैंसर के करीब 78 हजार नए मामले सामने आए है। 42 हजार से अधिक महिलाओं ने अपनी जान गंवा दी। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि लगभग 99 फीसदी मामलों का कारण ह्यूमन पैपिलोमा वायरस है, जिसे एक छोटी सी वैक्सीन से रोका जा सकता है। उन्होंने कहा कि अपनी ओपीडी में आने वाले हर माता-पिता को इस वैक्सीन के लिए प्रोत्साहित करें। कार्यक्रम के दौरान जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ प्रशांत रंजन ने कहा कि अब तक जनपद में कुल 1145 किशोरियों को एचपीवी का टीका लगाया जा चुका है। डॉ. मनोज टांगरी, डॉ. अभिनव पांडे समेत अन्य ने भी विचार व्यक्त किए।